संपादकीय

# आर्थिक चक्र कमजोर

अर्थव्यवस्था इस हद तक कैपेक्स पर निर्भर क्यों है? संकट के समय में आर्थिक हालात को संभालने के लिए यह रास्ता उचित माना जाता है। लेकिन सामान्य समय में भी यही तरीका बचा रहे, तो यही माना जाएगा सामान्य आर्थिक चक्र कमजोर हो चुका है।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में बड़ी गिरावट आई। उसके पहले वाली तिमाही में ये दर 7.8 प्रतिशत थी, जो अप्रैल-जून में 6.7 फीसदी रह गई। इसका कारण बताते हुए भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा- 'यह गिरावट हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप है। चुनाव और सरकारी पूंजी खर्च (कैपेक्स) में कमी आने के कारण जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट अपेक्षित थी।' लेकिन इस पर जोर देने की जरूरत है कि ऐसी अपेक्षा रहना ही आज भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी है। आखिर अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर इस हद तक कैपेक्स पर निर्भर क्यों है? और इस तरह सरकार कब तक आर्थिक वृद्धि की ऊंची दर बनाए रख सकेगी? सरकार जो रकम खर्च कर रही है, वह या तो किसी अन्य मद में कटौती करके या फिर ऋण लेकर जुटाया जाता है। संकट के समय में आर्थिक हालात को संभालने के लिए यह रास्ता उचित माना जाता है। लेकिन सामान्य समय में भी यही तरीका अर्थव्यवस्था की रीढ़ बना रहे, तो उसका सीधा अर्थ यह समझा जाएगा कि मांग- उपभोग- निजी निवेश- उत्पादन- बिक्री और मुनाफे का चक्र कमजोर हो चुका है।

किसी भी सोच के नजरिए से यह स्वस्थ स्थिति नहीं है। वैसे खुद नागेश्वरन ने ऐसे कई आंकड़ों का जिक्र किया, जिनसे भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी जाहिर होती है। मसलन, उन्होंने बताया कि 2023-24 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश गिर कर 26.6 बिलियन डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह 42 बिलियन डॉलर से ज्यादा था। उधर कृषि वृद्धि दर गिर कर दो प्रतिशत रह गई, जबकि 2023-24 की पहली तिमाही में यह 3.7 फीसदी थी। इन आंकड़ों के बावजूद नागेश्वर ने यह दावा दोहराते रहे कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हाल में है और आने वाला समय बेहतर रहेगा। यह मुश्किलों या कमजोरियों पर परदा डालने की अधिकतम कोशिश के वर्तमान सरकार के नजरिए के अनुरूप ही है। मगर इससे समस्याएं हल नहीं हो जातीं। आज इस बात पर गंभीर बहस-मुबाहिशे की जरूरत है कि निजी निवेश का चक्का क्यों रफ्तार नहीं पकड़ रहा है?

# भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे से समुद्री सुरक्षा, बढ़ेंगे व्यापार : गोयल

नई दिल्ली



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया)-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुये कहा कि यह परियोजना भारत की समुद्री सुरक्षा और यूरोप तथा एशिया के बीच व्यापारिक माल की त्वरित आवाजाही में योगदान दे सकती है। गोयल ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित भारत-भूमध्यसागरीय व्यापार सम्मेलन-2024 को संबोधित कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि आईएमईसी की शुरुआत गत सितंबर में भारत की मेजबानी में नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 अध्यक्षता के दौरान की गयी थी। इसके अंतर्गत भारत से संयुक्त अरब अमरीता, सऊदी अरब, जॉर्डन और इजरायल होते हुये यूरोपीय संघ तक के मार्ग में औद्योगिक, व्यापारिक और लॉजिस्टक्स गतिविधियों को समन्वित कर व्यापार-उद्योग तथा रोजगार एवं आय-संवर्धन को प्रोत्साहित करना है। गोयल ने कहा कि इस गलियारे से जुड़े देशों के बीच अच्छे सहयोग से ही परस्पर व्यापार में लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी तथा सामानों का सुरक्षित और तीव्र गति से आवागमन संभव हो सकेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन ( पीएलआई) की योजना, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और आर्थिक साझेदारी जैसी केंद्र की पहलों से देश में व्यापार करने में सुगमता (ईओडीबी) बढ़ी है तथा देश का विनिर्माण क्षेत्र तेजी से विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि कृषि-मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने के लिये भारत के प्रयास भारत और भूमध्यसागरीय देशों के बीच पहलों का समर्थन कर सकते हैं।

गोयल ने सुझाव दिया कि सरकार को भूमध्यसागरीय देशों और भारत के बीच पर्यटन पर एक कार्य समूह बनाना चाहिये, क्योंकि दोनों देशों के बीच सहयोग और पारस्परिक लाभ की बहुत संभावना है। गोयल ने कहा कि भारत और भूमध्यसागरीय देशों का नौवहन क्षेत्र में बहुत बड़ा साझा हित है, चाहे वह जहाज निर्माण, स्वामित्व, समुद्री क्षेत्र या क्रूज व्यवसाय में हो। उन्होंने कहा कि भारत में बंदरगाहों के विकास में बहुत बड़ा अवसर है। देश में पिछले दशक में बंदरगाहों की क्षमता को दोगुना हुई है और अगले 5 वर्षों में यह क्षमता और दोगुना करने की संभावना है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 683.98 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई



देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। इन तीन सप्ताह में यह लगभग 14 अरब डॉलर बढ़ चुका है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, गत 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.299 अरब डॉलर बढक़र 683.987 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह अब तक का ऐतिहासिक उच्चतम स्तर है।

इससे पहले 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.546 अरब डॉलर और 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 7.023 अरब डॉलर बढ़ा था। इस प्रकार तीन सप्ताह में इसमें 13.868 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है।

आरबीआई ने बताया कि 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स 1.485 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 599.037 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान, स्वर्ण भंडार 86.2 अरब डॉलर बढक़र 61.859 अरब डॉलर हो गया।

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 90 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 18.468 अरब डॉलर पर रहा। जबकि, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 5.8 करोड़ घटकर 4.622 अरब डॉलर रह गई।

विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है।

पिछले कुछ साल से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार बढ़ रहा है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार होने से देश संकट के समय के लिए ज्यादा निश्चिंत रहता है। साथ ही इससे रुपये में आने वाले किसी भी तेज गिरावट को नियंत्रित करने के लिए आरबीआई के पास बाजार में हस्तक्षेप के ज्यादा किल्प होते हैं।

# पेरिस पैरालंपिक: होकाटो होतोजे ने जीता मेडल, पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली। पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांस्य पदक जीतने पर होकाटो होतोजे सेमा को बधाई दी और खेल के प्रति उनके दृढ़ संकल्प की सराहना की।

होकाटो ने शनिवार को पुरुषों की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा के फाइनल में 14.65 मीटर की थ्रो के साथ भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स अकाउंट पर पैरालंपियन की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया।

पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा, हमारे देश के लिए यह गर्व का क्षण है। होकाटो ने पुरुषों की शॉटपुट एफ57 में कांस्य पदक जीता है! उनकी अविश्वसनीय ताकत और दृढ़ संकल्प असाधारण है। उन्हें बधाई। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

# निवेश योग्य बाजारों के सूचकांक में चीन को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचा भारत

मुंबई



भारत ने एमएससीआई द्वारा उभरते बाजारों के लिए जारी निवेश योग्य बाजार सूचकांक में चीन को पछाड़ कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश ओवरऑल सूचकांक में भी चीन को पीछे छोड़ सकता है।

एमएससीआई एक अमेरिकी वित्तीय कंपनी है जो यह सूचकांक जारी करती है। उभरते बाजारों की श्रेणी में 24 देशों को शामिल किया गया है और 3,355 बड़ी, मझौली तथा छोटी कंपनियों के आंकड़ों के आधार पर सूचकांक तैयार किया गया है। ये कंपनियां सभी 24 देशों में कुल फ्री फ्लोट-एडजस्टेड बाजार पूंजीकरण के लगभग 99 प्रतिशत को कवर करती हैं।

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने एक नोट में कहा कि सूचकांक भार में वृद्धि ज्यादा उत्साह का संकेत हो सकता है या फ्री-फ्लोट में सुधार और भारतीय कंपनियों की बढ़ती सापेक्ष आय जैसे मूलभूत कारकों के कारण हो सकती है।

ब्रोकरेज ने कहा, भारत के मामले में बुनियादी कारक निश्चित रूप से लागू होते हैं और इस हद तक, उभरते बाजार क्षेत्र में भारत की नई स्थिति चिंताजनक नहीं है। साथ ही उसने कहा कि उभरते बाजार क्षेत्र में भारत उसकी शीर्ष प्राथमिकता बना हुआ है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दूसरी पसंद है।

नोट के अनुसार, बाजार में गिरावट के लिए कई संभावित ट्रिगर हैं, लेकिन वे भारतीय इक्विटी में तेजी पर ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। सूचकांक में भारत के प्रदर्शन के चरम पर पहुंचने से पहले कुछ और दूरी तय करनी पड़ सकती है।

बाजार विश्लेषकों ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन लगातार अच्छा बना हुआ है और वृहद आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। वित्त वर्ष 2025 में अप्रैल-जून की पहली तिमाही में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दूसरी ओर, ब्रेंट क्रूड की कीमतों में लगातार गिरावट के साथ अब इसके 73 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने के संकेत मिल रहे हैं।

# पुरानी दिल्ली 6 साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए तैयार

नई दिल्ली



पुरानी दिल्ली 6 अरुण जेटली स्टेडियम में चल रही अदाणी दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सेमीफाइनल में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से भिड़ेगी।

टीम सेमीफाइनल के लिए तैयार है और शनिवार को मैदान पर उतरने के लिए काफी उत्साहित है। डीपीएल के पहले सीजन में अब तक यह टीम अपनी छाप छोडऩे में सफल रही है।

रोमांचक और करीबी मुकाबलों में हार से लेकर लगातार जीत के साथ सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली यह टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। युवा और नए जोश से लबरेज इस टीम ने लचीलापन और दृढ़ संकल्प दिखाया है, और अब वे प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने से बस दो कदम दूर हैं।

आयुष सिंह पुरानी दिल्ली 6 के लिए बेहतरीन गेंदबाज रहे हैं और मौजूदा सीजन में 18 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। वंश बेदी, अर्पित राणा और ललित यादव ने डीपीएल में अपने कौशल से सभी को प्रभावित किया है।

दिलचस्प बात यह है कि पुरानी दिल्ली 6 के पास सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से पुराना हिसाब चुकता करने का भी सुनहरा मौका है।

साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के खिलाफ दिल्ली को अपने दोनों लीग-स्टेज मुकाबलों में हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि, लगातार जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम को अपनी लय बरकरार रखने का पूरा भरोसा है।

पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने सेमीफाइनल के लिए अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, सेमीफाइनल तक का सफर अविश्वसनीय रहा है। मुझे टीम पर बहुत गर्व है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और समर्पण ने हमें यहां तक पहुंचाया है। मुझे इस अवसर पर खरे उतरने की उनकी क्षमता पर पूरा भरोसा है। हम पिछले मुकाबलों से सीख लेकर इस बार चीजों को बदल देंगे।

# श्रीलंका के खिलाफ पोप के शतक पर ब्रॉड का रिएक्शन

नई दिल्ली



बेन स्टोक्स की जगह इंग्लिश टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे कार्यवाहक कप्तान ओली पोप इन दिनों कड़ी आलोचना का शिकार हुए। श्रीलंका के खिलाफ ओवल टेस्ट के दौरान भी उन पर काफी दबाव था, क्योंकि उनके बल्ले से रन भी नहीं आ रहे थे।

लेकिन तीसरे मैच के पहले दिन पोप ने अपने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए अपने घरेलू मैदान पर नाबाद 103 रन बनाए, जो लंबे प्रारूप में इंग्लैंड के लिए उनका सातवां शतक था। इस तरह मेजबान टीम ने एक छोटे से दिन में 221/3 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि इस टेस्ट से पहले पोप के बारे में जो बातें हो रही थीं, वे अब खत्म हो जाएंगी, क्योंकि दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा है।

ब्रॉड ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, मुझे लगता है कि जब आप फॉर्म या लय के लिए संघर्ष कर रहे हों, तो घरेलू मैदान खोई हुई लय वापस हासिल करने का शानदार मंच होता है। यहां पोप अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। यहां उसका औसत 80 है, वह इन परिस्थितियों में बहुत शानदार है।

अगर वह कहीं भी बल्लेबाजी करना चाहते, तो इन परिस्थितियों में भी, वह ओवल में ही बल्लेबाजी करते। वह अपनी पहली 20 या 30 गेंदों तक बहुत आक्रामक रहे और फिर उन्होंने जम कर खेलना शुरू कर दिया। ऐसा लगता है कि वह खुद को फ्रंटफुट पर आने के लिए मजबूर कर रहे हैं और फिर उन्होंने कुछ बाउंड्री लगाई।

वह उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं, खूबसूरत शॉट खेलते हैं और जब आप उनके जैसे बल्लेबाजों को गेंदबाजी करते हैं तो आपको शुरुआत से ही सटीक गेंदबाजी करनी होगी। एक बार जब वह मैदान में जम जाते हैं तो वह आसानी से रन बनाएंगे।

पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भी पोप की तारीफ की, जिन्होंने दबाव के समय में भी उनका साथ दिया।

# जूनियर एनटीआर के भाई नंदमुरी मोक्षगना तेजा की टॉलीवुड में एंट्री, डेब्यू मूवी से आया फस्ट लुक, हनु-मैन का डायरेक्टर बना रहा फिल्म



टॉलीवुड में अब एक और स्टारकिड नंदमुरी मोक्षगना तेजा की एंट्री हो गई है. नंदमुरी मोक्षगना टॉलीवुड सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्णा के सबसे बड़े बेटे हैं और सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के कजिन. नंदमुरी मोक्षगना के बर्थडे पर उनकी टॉलीवुड डेब्यू फिल्म से फर्स्ट लुक सामने आया है. इस फिल्म के नाम का एलान नहीं किया गया है. नंदमुरी मोक्षगना की डेब्यू मूवी को प्रशांत वर्मा डायरेक्ट करने जा रहे हैं. फिल्म की शूटिंग बहुत जल्द शुरू होने जा रही है. प्रशांत वर्मा ने मौजूदा साल में सुपरहीरो फिल्म हनु-मैन से सिनेमा में तहलका मचा दिया था.

वहीं, प्रशांत वर्मा ने नंदमुरी मोक्षगना के बर्थडे पर फिल्म से धांसू फर्स्ट लुक शेयर किया है. प्रशांत ने नंदमुरी मोक्षगना को बर्थडे विश कर लिखा है, पूरे सम्मान और जॉय के साथ पेश कर रहे हैं नंदमुरी तारक राव रामा मोक्षगना तेजा, जन्मदिन मुबारक मोक्षू, द पीवीसीयू में आपका स्वागत है, आइए शुरू करते है. इसी के साथ प्रशांत ने नंदमुरी मोक्षगना की डेब्यू फिल्म के लिए उन्हें डायरेक्टर चुने जाने के लिए सुपरस्टार बालाकृष्णा का आभार भी जताया है. प्रशांत ने लिखा है, मुझपर विश्वास करने और आशीर्वाद बनाए रखने के लिए नंदमुरी बालाकृष्णा जी का धन्यवाद करता हूं, आशा करता हूं कि यह प्रोजेक्ट के स्पेशल और शानदार के साथ-साथ यादगार भी बने.

# आलिया भट्ट की जिगरा के टीजर की रिलीज डेट का एलान, सामने अभिनेत्री के इंटेंस लुक पोस्टर्स



बॉलीवुड की गंगूबाई मौजूद साल में अपनी इकलौती फिल्म जिगरा से आ रही हैं. फिल्म में आलिया भट्ट के जिम्मेदार बहन का रोल प्ले करने जा रही हैं. सुहाना खान की डेब्यू फिल्म द आर्चीज में नजर आए एक्टर वेदांग रैना फिल्म में आलिया भट्ट के भाई का रोल प्ले करेंगे. फिल्म का टीजर और कई पोस्टर पहले ही रिलीज हो चुके हैं और अब आलिया भट्ट ने जिगरा के टीजर-ट्रेलर की डेट का एलान किया है. इसी के साथ फिल्म से आलिया भट्ट के पोस्टर भी सामने आए हैं.

आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर फिल्म से पोस्टर शेयर कर लिखा है, दम है.... सत्य में दम है. जिगरा टीजर ट्रेलर 8 सितंबर को रिलीज होगा. पोस्टर की बात करें तो इसमें आलिया भट्ट के अंदाज से लग रहा है कि फिल्म में दमदार एक्शन भी देखने को मिल सकता है.

# आज का राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस समय लोग बेहतरीन विचारों को सुनने–जानने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। आज आप लोगों से जो भी बात मनवानी है, आसानी से मनवा सकते हैं। अपने अधिकार जताने की प्रवृत्ति को नियंत्रण में रखें।

**वृष:** आज का दिन आपका खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी । आज आप अपने मन के आधार पर फैसले लेंगे। लेकिन वे सिर्फ पैसों के मामले में लाभकारी साबित होंगे।

**मिथुन:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर मिल सकती है। आपको किसी कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है। इस राशि के उभरते हुए लेखकों के लिए आज का दिन एक बेहतरीन हो सकता है।

**कर्क:** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप शाम का समय परिवारवालों के साथ बिताएंगे। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने की उम्मीद है।

**सिंह:** आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाईयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा। आज किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं ।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें और साथ ही आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें।

**तुला:** आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज आप किसी काम को करते समय अपने मन को शांत रखें, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। अगर आप जल्दी मचाएंगे तो सब गड़बड़ हो जाएगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए बहुत बढिय़ा है। जिन चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं, आज पूरे होने वाली हैं । जिन कोशिशों को आप अपनी ओर से व्यर्थ मान चुके थे, वे आज सफल होंगी।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपके मन में नए विचार आयेंगे, हो सकता है किसी नए बिजनेस की शुरुआत करें, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा। आज परिवार से जुडी कई जिम्मेदारियां निभाएंगे।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज का दिन यात्रा में बितेगा। ये यात्रा में ऑफिस के काम से रिलेटेड हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है।

**कुंभ:** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की जरूरत है।

**मीन:** आज आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी अच्छे तरीके से काम करेंगे। आप अपने माता-पिता या बहन भाइयों के साथ भी समय बिता सकते हैं।

# एकता कपूर ने बदल दी अनीता हसनंदानी की जिंदगी



अभिनेत्री अनीता हसनंदानी ने खुद पर कंटेंट क्वीन एकता कपूर के आध्यात्मिक प्रभाव के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने तिरुपति बालाजी में विश्वास करना शुरू किया।

अनीता टीवी होस्ट और रेडियो उद्घोषक सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट पर दिखाई दीं।

वीडियो में दिखाया गया कि सिद्धार्थ अनीता से पूछते हैं, एकता बहुत आध्यात्मिक और धार्मिक है...आप भी उतने हो?

अनीता ने जवाब देते हुए कहा, उतनी नहीं हूं, लेकिन उनकी संगत में थोड़ी बहुत हूं। असल में मैंने सिद्धिविनायक मंदिर इसलिए जाना शुरू किया क्योंकि वह जाती हैं।

उन्होंने कहा, मुझे तिरुपति बालाजी में आस्था है, क्योंकि वह इसमें आस्था रखती हैं। मैंने अपने जीवन में जो चमत्कार हुए हैं, उन्हें भी देखा है। मैं कुछ स्तर पर आध्यात्मिक हूं। मैंने पत्थर पहनने की कोशिश की, लेकिन अगर दिल ही साफ नहीं हो, तो यह काम नहीं करेगा।

सिद्धार्थ ने आगे अनीता के साथ हुए चमत्कारों के बारे में पूछा।

अनीता ने कहा, मैंने साउथ में नुव्वु नेनु फिल्म की थी। वो फिल्म अब हिंदी में बनाने जा रहे थे, लेकिन मुझे हिंदी में बनने वाली फिल्म के लिए कास्ट नहीं किया गया। उन्होंने मेरी जगह तुषार कपूर और तारा शर्मा को शामिल कर लिया। उनके इस कदम से मैं काफी निराश थी। इस फिल्म की शूटिंग 25 दिनों तक लगातार हुई।

उन्होंने कहा, आप कल्पना कीजिए कि फिल्म का तेलुगू वर्जन में मैंने किया , लेकिन अफसोस हिंदी वर्जन किसी और से कराया जा रहा है, इसलिए मैं तिरुपति बालाजी गई और मैंने प्रार्थना की कि यह फिल्म मुझे मिले। जब मैं मंदिर से आकर अपनी कार में बैठी, तो मुझसे कहा कि वे इस काम के लिए फिट नहीं हैख्? क्या तुम यह करोगी?

फिल्म नुव्वु नेनु की शूटिंग फिल्म निर्देशक तेजा द्वारा की गई थी। फिल्म में उदय किरण मुख्य भूमिका में थे, जबकि सुनील, बनर्जी, तनिकेला भरणी, धर्मवरपु सुब्रमण्यम और तेलंगाना शकुंतला अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

# शब्द सामर्थ्य- 171

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 170 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

# सू-दोकू- 171

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.170 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |